आईसीसी रैंकिंग में भारतीय कप्तानों का जलवा

टी-20 के टॉप-10 बल्लेबाजों में 4 भारतीय


श्रेयस


ईशान


अभिषेक


तिलक

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली: आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने बड़ी छलांग लगाई है. वह 18 स्थान ऊपर उठकर टॉप 10 में पहुंच गए हैं. वह सातवें स्थान पर हैं और पहली बार टॉप-10 में पहुंचे हैं. बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत का दबदबा साफ देखा जा सकता है. भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में शामिल हैं.

ईशान किशन पहले स्थान पर हैं. वहीं, अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर हैं. श्रेयस सातवें और तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं. वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड ने भी भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में अर्धशतक लगाया था. इससे उन्हें भी 10 स्थान का फायदा हुआ है और वह 37वें स्थान पर आ चुके हैं. गेंदबाजों की रैंकिंग में भारी बदलाव हुए हैं. पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने पहला स्थान गंवा दिया है. अफगानिस्तान के राशिद खान एक बार फिर नंबर वन टी20 गेंदबाज बन गए हैं. भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल 16 पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बांग्लादेश के नासुम अहमद 3 पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए हैं. महेदी हसन 10 पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर आ चुके हैं.

शुभमन और राहुल भी हैं लिस्ट में शामिल

वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान शुभमन गिल का जलवा बरकरार है. वह अब टॉप पर बने हुए हैं. अब उनके नाम 841 रेटिंग अंक हैं. वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने सीरीज के आखिरी मैच में 162 रन बनाए थे. इस सीरीज में उनके बल्ले से 2 शतक आए. उन्हें भी 2 स्थान का फायदा हुआ है और वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं. वहीं, भारत के अनुभवी खिलाड़ी केएल राहुल 7 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं. वेस्ट इंडीज के बाएं हाथ के बल्लेबाज आमिर जांगू 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं. वह इससे पहले टॉप 100 में नहीं थे.

वैभव सूर्यवंशी आठ पायदान चढ़े

इंटरनेशनल क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार ईशान किशन नंबर-1 टी20 बल्लेबाज हैं, अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं जिससे भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं. 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आठ स्थान के फायदे से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं.



न्यूजीलैंड दौरे के लिए टी20 टीम का ऐलान

- चार साल बाद भुवनेश्वर की वापसी
- श्रेयस कप्तान, पंत की फिटनेस पर नजर

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. भारतीय क्रिकेट में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की करीब चार साल बाद वापसी हुई है.


बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 अक्टूबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है. श्रेयस अय्यर को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि तिलक वर्मा उपकप्तान होंगे. भुवनेश्वर की वापसी के साथ ही वरुण चक्रवर्ती भी टीम में लौटे हैं. भुवनेश्वर की वापसी चयन की सबसे बड़ी खबर है. स्विंग गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज को न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में टीम के लिए उपयोगी विकल्प माना जा रहा है. उनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का लंबा अनुभव है और नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता टीम को फायदा दे सकती है.

टीम में संजू सैमसन और ईशान किशन के रूप में दो विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. युवा वैभव सूर्यवंशी को भी मौका मिला है. अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी और नमन धीर ऑलराउंडर विकल्प के तौर पर टीम में हैं.

सुपरक्रॉस लीग में भारत के युवा राइडर्स दिखाएंगे दम

नई दिल्ली. सुपरक्रॉस रेसिंग के तीसरे सीजन में इस बार मुकाबला सिर्फ रफ्तार का नहीं, बल्कि दुनिया भर के राइडर्स के हुनर का भी होगा. इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के लिए 21 देशों के 146 राइडर्स ने पंजीयन कराया है. इनमें भारत के युवा और उभरते राइडर्स के साथ फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका समेत कई देशों के अनुभवी राइडर्स शामिल हैं. फ्रांस 32 राइडर्स के साथ अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में सबसे आगे है, जबकि ऑस्ट्रेलिया से 20 और अमेरिका से 18 राइडर्स ने पंजीयन कराया है.

विराट-रोहित भारतीय क्रिकेट के लिए वरदान : सोहेल



दुबई, 7 अक्टूबर (एजेंसी). पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज सोहेल तनवीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है.

उन्होंने दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट के लिए वरदान बताते हुए कहा कि उम्र को हमेशा नकारात्मक नजरिए से नहीं देखना चाहिए. यदि खिलाड़ी फिटनेस बनाए रखता है और प्रदर्शन करता रहता है तो उसका अनुभव टीम के लिए बड़ी ताकत बन जाता है. तनवीर ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि कोहली के आंकड़े इतने शानदार हैं कि उनकी महानता साबित करने के लिए किसी और तर्क की जरूरत नहीं है. उन्होंने भारतीय क्रिकेट के साथ विश्व क्रिकेट में भी कोहली के योगदान को महत्वपूर्ण बताया. कोहली ने अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों को लंबे समय तक खुशी दी है.

कोहली और रोहित के योगदान को भी सराहा

तनवीर ने कहा कि वह कोहली को ज्यादा से ज्यादा समय तक खेलते देखना चाहते हैं. विराट का लंबे समय तक खेलना भारतीय क्रिकेट के लिए आशीर्वाद है. उन्होंने रोहित शर्मा के अनुभव को भी टीम के लिए अहम बताया. रोहित के 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलने के सवाल पर तनवीर ने कहा कि उम्र अपने आप में नकारात्मक पहलू नहीं है. फिटनेस और प्रदर्शन बरकरार रहने पर अनुभवी खिलाड़ी टीम को फायदा पहुंचा सकते हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के साथ युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन भी करते हैं. रोहित ने हालिया वनडे में भी अच्छी फॉर्म दिखाई है. आगे भी टॉप लेवल पर बने रहने के लिए रोहित की फिटनेस और फॉर्म दोनों महत्वपूर्ण होंगे.

एक नजर में

विवादों के बीच अगरकर को गंभीर ने सराहा



नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। अजीत अगरकर का सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख के तौर पर कार्यकाल समाप्त हो गया है. विवादों से घिरे उनके कार्यकाल को लेकर अब भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अगरकर को सराहा है. गंभीर का कहना है कि इतिहास अगरकर के प्रति ज्यादा उदार रहेगा. अजीत अगरकर का मुख्य चयनकर्ता के रूप में कार्यकाल चार अक्टूबर को खत्म हो गया. इसके बाद गुवाहाटी में हुई टीम चयन बैठक में अगरकर मौजूद नहीं थे. रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फिलहाल चयन समिति के सदस्य और पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा को कार्यवाही की जिम्मेदारी संभालने को कहा है. ओझा अब अंतरिम चीफ सेलेक्टर के तौर पर काम कर रहे हैं. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रज्ञान ओझा स्थायी चीफ सेलेक्टर पद के लिए भी विकल्प बनकर उभरे हैं. चयन समिति में मौजूद सदस्यों में ओझा ने सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं. अगरकर के साथ पिछले कुछ समय से गंभीर ने करीब से काम किया. अब जबकि अगरकर का कार्यकाल समाप्त हो गया है तो गंभीर ने सोशल मीडिया पर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं. गंभीर ने एक्स पर लिखा, प्रिय अजित भाई, आपके साथ काम करना मेरे लिए बेहद सौभाग्य की बात रही.

वैभव रणजी के शुरुआती 2 राउंड में नहीं खेलेंगे



पटना, 7 अक्टूबर. बिहार ने 2026-27 रणजी ट्रॉफी के शुरुआती दो राउंड के लिए 17 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है. युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी को टीम में जगह नहीं मिली है. बिहार अपना पहला मुकाबला 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के खिलाफ राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा. टीम की कप्तानी साकिबुल गनी करेंगे, जबकि हिमांशु सिंह उपकप्तान बनाए गए हैं. वैभव को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है. भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज 22 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेली जाएगी. ऐसे में वैभव रणजी के शुरुआती दो राउंड में बिहार के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे. उनका अगला रणजी मुकाबलों में शामिल होना भारतीय टीम के कार्यक्रम और उपलब्धता पर निर्भर करेगा. बिहार टीम में इस सीजन कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव हुआ है. पूर्व कप्तान आशुतोष अमन को नया हेड कोच बनाया गया है. अशोक कुमार उनके असिस्टेंट होंगे. दोनों ने विनायक सामंत और कुमार मृदुल की जगह ली है.

टीम इंडिया के सिलेक्शन में शामिल होंगे लक्ष्मण

मुंबई, 7 अक्टूबर. भारतीय क्रिकेट टीम के चयन की प्रक्रिया में अब खिलाड़ियों की फिटनेस पर विशेष निगरानी रहेगी. बीसीसीआई ने तय किया है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण सीनियर चयन समिति की हर बैठक में मौजूद रहेंगे. वह चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों की चोट, रिहैब और मैच के लिए उपलब्धता की ताजा जानकारी देंगे. यह फैसला मुंबई में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक में लिया गया. बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि लक्ष्मण के हर चयन बैठक में मौजूद रहने से चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों की उपलब्धता की सटीक जानकारी मिल सकेगी. इससे चयन समिति और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बीच संवाद का अंतर कम होगा और टीम चुनते समय फिटनेस को लेकर स्थिति ज्यादा स्पष्ट रहेगी.




विश्व चैंपियनशिप पर संकट

यूएस ने नौ पहलवानों के वीजा किए खारिज

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. भारत के कई पहलवानों के अमेरिकी वीजा खारिज कर दिए गए हैं. इससे लास वेगास में 12 से 18 अक्तूबर तक होने वाली आगामी अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं. इन पहलवानों में 2024 अंडर-17 विश्व चैंपियन नेहा सांगवान भी शामिल हैं.

पहलवानों को मौखिक रूप से बताया गया कि उनके वीजा इस आधार पर खारिज किए गए हैं कि उनकी उम्र 20 वर्ष से कम है और वे बेरोजगार हैं. बुधवार को वीजा साक्षात्कार के लिए दूतावास जाने पर उनके पासपोर्ट उन्हें वापस कर दिए गए. भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अब नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास से मामले पर पुनर्विचार करने और उन पहलवानों को वीजा देने का अनुरोध किया है जिन्हें गुरुवार को वीजा साक्षात्कार के लिए जाना है.



महासंघ द्वारा दूतावास को लिखे पत्र के अनुसार नौ पहलवानों के वीजा खारिज कर दिए गए. महासंघ ने लिखा है, आज, 24 प्रतिभागी वीजा साक्षात्कार के लिए दूतावास पहुंचे जिनमें से 16 पहलवान थे. लेकिन नौ पहलवानों के वीजा कथित तौर पर उनकी रोजगार स्थिति और 20 वर्ष से कम उम्र होने के कारण खारिज कर दिए गए. इनमें समर्थ गजानन म्हाकवे, धीरज कुमार मलिक, सचिन कुमार, निखिल, हरदीप, परवीन, अहिल्या शत्रुघ्न शिंदे, नेहा शर्मा और नेहा सांगवान शामिल हैं. चैंपियनशिप अंडर-23 आयु वर्ग के लिए है और इसमें भाग लेने वाले पहलवानों की उम्र 18 से 23 वर्ष के बीच है.

भारत पर उरुग्वे की 6-1 से जीत

- 22वें मिनट में भारत ने गोल कर 1-1 किया
- बारिश के बाद किया था 5 गोल

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता, 7 अक्टूबर. अनिरुद्ध थापा के गोल से भारत ने उरुग्वे के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली में वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन बारिश के कारण करीब 35 मिनट के ब्रेक के बाद मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह बदल गई.

दुनिया की 20वें नंबर की टीम उरुग्वे ने दूसरे हाफ में भारतीय डिफेंस को लगातार दबाव में रखते हुए पांच और गोल किए और मैच 6-1 से अपने नाम कर लिया.



उरुग्वे ने मैच की शुरुआत से ही आक्रमण तेज रखा. 11वें मिनट में प्रमवीर ने बॉक्स में फेडेरिको विनास को गिरा दिया, जिसके बाद उरुग्वे को पेनल्टी मिली. स्टार स्ट्राइकर डार्विन नुनेज ने इसे गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई. भारत ने 11 मिनट बाद शानदार जवाब दिया. रेयान विलियम्स के शॉट को उरुग्वे के गोलकीपर गैस्टन कार्डोजो पूरी तरह रोक नहीं सके. रिबाउंड पर मौजूद अनिरुद्ध थापा ने गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया. इसके बाद कुछ समय तक दोनों टीमें बराबरी पर खेलती नजर आईं.

आर्कटिक ओपन में सिंधु ने कनाडाई खिलाड़ी को हराया



वांता (फिनलैंड), 7 अक्टूबर (एजेंसी). दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मंगलवार को आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली तो वहीं थारुन मन्नेपल्ली और रौनक चौहान ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया. कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों को हालांकि हार का सामना करना पड़ा.

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने कनाडा की वेन यू झांग को महज 28 मिनट में 21-8, 21-11 से हराया. जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीतने वाली 31 साल की सिंधु का सामना अब चीनी ताइपे की लिन हियांग टी या जापान की रिको गुनजी से होगा. उन्नति हुड्डा और अस्मिता चालिहा को कड़े मुकाबले के बाद हार का सामना करना पड़ा. एशियाई खेलों में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची उन्नति को चीन की हान कियान शी ने 16-21, 21-15, 24-22 से हराया.

रोनाल्डो ने कोच पर वादा तोड़ने का आरोप लगाया



दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल कैंप से अचानक जाने पर पहली बार बयान दिया है. उन्होंने कैंप छोड़ने के लिए टीम मेंट्स और फैंस से माफी मांगी. 41 साल रोनाल्डो ने कहा कि पुर्तगाली फुटबॉल फेडरेशन जो भी सजा देगा, वह उसे स्वीकार करेंगे. इसके बाद वे पुर्तगाल की टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे.

नेशनल कैंप छोड़ने पर माफी मांगी

उन्होंने अपने रिटायरमेंट की खबरों को भी खारिज किया. रोनाल्डो और पुर्तगाल फुटबॉल टीम के मैनेजर जॉर्ज जीसस के बीच अनबन है. इसकी शुरुआत युईएफए नेशंस लीग में नॉर्वे के खिलाफ मैच से हुई. जब मैनेजर ने रोनाल्डो को वार्मअप करने के बाद मैदान पर नहीं उतारा. मैच के बाद रोनाल्डो निराश होकर कुछ देर बेंच पर बैठे रहे. जॉर्ज जीसस ने उनके नहीं खेलने की वजह रणनीतिक फैसला बताई. इससे दोनों के बीच बढ़ता तनाव और गहरा गया. रोनाल्डो और जॉर्ज जीसस पहले सऊदी क्लब अल नासर में साथ काम कर चुके हैं.

यादगार आंखों में आंसू थे, साथी खिलाड़ी भी भावुक, मेसी ने 21 साल के करियर में 126 गोल किए

द लास्ट टैंगो में मेसी का गोल



ब्यूनस आयर्स, 7 अक्टूबर (एजेंसी). लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना की जर्सी में अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को गोल और असिस्ट के साथ यादगार बना दिया. बुधवार को एस्टाडियो मास मोनुमेंटल में बेनिन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना ने 3-0 से जीत दर्ज की. मैच के बाद 39 वर्षीय मेसी भावुक हो गए. उनकी आंखों में आंसू थे और साथी खिलाड़ी भी इस विदाई के पल में भावुक नजर आए.

मैच को 'द लास्ट टैंगो' नाम दिया गया था. 2022 वर्ल्ड कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम के सदस्य और उनके परिवार भी इस खास मौके पर स्टेडियम में मौजूद थे. मेसी की जर्सी नंबर-10 के सम्मान में 10वें मिनट में मैच रोक दिया गया. इस दौरान स्टेडियम में मौजूद हजारों प्रशंसकों ने खड़े होकर तालियों के साथ अपने कप्तान को सलाम किया. मेसी ने भी मैदान पर अपने अंदाज में जवाब दिया. दूसरे हाफ की शुरुआत में उन्होंने निकोलस ओटामेंडी के गोल में असिस्ट किया. इसके बाद 71वें मिनट में अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली. मेसी ने गेंद को टॉप-राइट कॉर्नर में भेजकर गोल कर दिया. यह अर्जेंटीना की जर्सी में उनका 126वां गोल था. मेसी ने 31 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की थी. 2026 वर्ल्ड कप के फाइनल में स्पेन के खिलाफ अर्जेंटीना की हार के बाद उन्होंने यह फैसला लिया था. अर्जेंटाइन फुटबॉल एसोसिएशन के अनुरोध पर उन्होंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनी. मेसी ने अर्जेंटीना के लिए रिकॉर्ड 207 मैच खेले. उनके नाम 126 गोल और 66 असिस्ट हैं. उनके करियर में 2022 वर्ल्ड कप, 2021 और 2024 कोपा अमेरिका, 2022 फिनालिसिमा और 2008 बीजिंग ओलिंपिक का स्वर्ण पदक शामिल है. अब वे अर्जेंटीना के लिए नहीं खेलेंगे, लेकिन इंटर मियामी के साथ क्लब फुटबॉल जारी रखेंगे.

यूथ टेस्ट सीरीज पर भारत ने जमाया कब्जा

- दूसरा मैच 10 विकेट से हारा आस्ट्रेलिया
- तन्मय बालोदा ने मैच में 14 विकेट लिए

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

अहमदाबाद, 7 अक्टूबर. तन्मय बालोदा की फिरकी के आगे ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की बल्लेबाजी दोनों पारियों में बेदम नजर आई. हरियाणा के बाएं हाथ के स्पिनर ने दूसरी पारी में 41 रन देकर 8 विकेट चटकाए और मैच में कुल 14 विकेट लेकर भारत को 10 विकेट से जीत दिला दी.



भारत ने इसके साथ दो मैचों की चार दिवसीय सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली.

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन 4 विकेट पर 86 रन से दूसरी पारी आगे बढ़ाई थी. टीम को पहली पारी में 141 रन से पिछड़ने के बाद बड़ी साझेदारी की जरूरत थी. लेकिन बालोदा ने दिन के शुरुआती चार ओवर में ही जेड हॉलिक और चार्ली हेंडरसन को आउट कर ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बढ़ा दिया. इसके बाद प्रियांशु सिंह ने जैकब पीट्ज और थॉमस वासिओ को पवेलियन भेजा. बालोदा यहीं नहीं रुके. उन्होंने पैट्रिक सुलिवन और पहली पारी के ऑस्ट्रेलियाई टॉप स्कोरर ब्लेक कैटल को भी आउट किया. कैटल ने 63 रन बनाए. पूरी टीम 151 रन पर सिमट गई. बालोदा ने पहली पारी में भी 32 रन देकर 6 विकेट लिए थे. इस तरह उनका मैच में गेंदबाजी आंकड़ा 14 विकेट का रहा. ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 174 रन बनाए थे. जवाब में भारत ने कप्तान यशवर्धन चौहान के 52 और विकेटकीपर अभिप्राय बिस्वास के 73 रन की मदद से 315 रन बनाए और 141 रन की बढ़त हासिल की. ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर स्पेंसर ग्रीन ने 110 रन देकर 7 विकेट लिए, लेकिन भारत की बढ़त निर्णायक साबित हुई.